Share Department, Board & Coordination Division, HO Plot No.4 Sector 10, Dwarka, New Delhi-110075
Tel No: 011-28044857 E-mail: hosd@pnb.co.in

Scrip Code : PNB	**Scrip Code : 532461**
The Asstt. Vice President National Stock Exchange of India Limited "Exchange Plaza" Bandra – Kurla Complex, Bandra (E) **Mumbai – 400 051**	The Dy General Manager Bombay Stock Exchange Limited 1st Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, **Mumbai – 400 001**

Date: 17.02.2021

Dear Sir (s),

Reg.: Notice of the Extraordinary General Meeting (EGM) scheduled on Wednesday, 17th March, 2021.

Further to our intimation dated 05.02.2021, please find below the details in respect of the Extraordinary General Meeting (EGM) of the Shareholders of the Bank:

1	Date/ Time	Wednesday, 17th March, 2021 at 11.00 a.m. through Video Conferencing (VC) or Other Audio-Visual Means (OAVM)
2	Agenda/ Business	Election of One Shareholder Director from amongst the shareholders of the Bank other than the Central Government pursuant to the provisions of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, read with the Nationalized Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970 and Punjab National Bank (Shares and Meetings) Regulations, 2000, RBI's Master Directions, as amended and other applicable Directives / Guidelines issued by Regulatory Authorities.
3	Specified/ Cut-off Date	Friday, 19th February, 2021 for the purpose of determining the Shareholders eligible for nominating, contesting as candidate, attending the meeting and voting (including remote e-voting) at the EGM.
4	Last date for submission of nominations	Tuesday, 2nd March, 2021 by 04.00 p.m.
5	Period of Remote E-Voting	From Friday, 12th March, 2021 (09.00 a.m.) to Tuesday, 16th March, 2021 (05.00 p.m.).

The detailed notice of the EGM is enclosed.

You are requested to take the above on record.

Thanking you,
Yours faithfully,

(Ekta Pasricha)
Company Secretary
Encl. a/a

Together for the better

Notice of Extraordinary General Meeting

असाधारण आम बैठक की सूचना

Election of ONE Shareholder Director

एक शेयरधारक निदेशक का चुनाव

Through Video Conferencing (VC) or Other Audio-Visual Means (OAVM)

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो-विज़ुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से

WEDNESDAY, 17th MARCH 2021 AT 11.00 A.M.

बुधवार, 17 मार्च 2021 को प्रातः 11.00 बजे

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

Head Office: Plot No.4, Sector 10, Dwarka, New Delhi – 110075

Together for the better

विषयसूची

	पृष्ठ सं.
नोटिस	3
टिप्पणियां	4-11
व्याख्यात्मक विवरण	12-26
नामांकन प्रपत्र	27
घोषणा और वचन	28-39

कार्यक्रम का आवश्यक कैलेंडर

प्रत्याशी के रूप में नामांकित करने, चुनाव लड़ने, ईजीएम में उपस्थित होने और चुनाव में मतदान करने के लिए पात्र शेयरधारकों के निर्धारण के उद्देश्य से निर्दिष्ट तिथि / कट-ऑफ तिथि।	शुक्रवार, 19 फरवरी, 2021
नामांकन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि	मंगलवार, 2 मार्च, 2021, सांय 04.00 बजे
नामांकन की जांच	बुधवार, 3 मार्च, 2021
नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन	वृहस्पतिवार, 11 मार्च, 2021
रिमोट ई-वोटिंग की अवधि	शुक्रवार, 12 मार्च, 2021, (प्रातः 09.00 बजे) से मंगलवार 16 मार्च, 2021, (सांय 05.00 बजे), तक
असाधारण आम बैठक की तिथि	बुधवार, 17 मार्च, 2021

Together for the better

CONTENTS

	Page No.
NOTICE	40
NOTES	41-49
EXPLANATORY STATEMENT	50-64
NOMINATION FORM	65-66
DECLARATION & UNDERTAKING	67-77

IMPORTANT CALENDAR OF EVENTS

Specified Date / Cut-off date for the purpose of determining the shareholders eligible for nominating, contesting the election, attending the EGM and voting in the Election.	Friday, 19th February, 2021
Last date for submission of Nomination Forms	Tuesday, 2nd March, 2021 by 04.00 p.m.
Scrutiny of Nominations	Wednesday, 3rd March, 2021
Last day of Withdrawal of Nominations	Thursday, 11th March, 2021 by 04.00 p.m.
Period of Remote E-Voting	From Friday, 12th March, 2021 (09.00 a.m.) to Tuesday, 16th March, 2021 (05.00 p.m.)
Date of Extraordinary General Meeting	Wednesday, 17th March, 2021

Together for the better

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक!

punjab national bank ...the name you can BANK upon!

प्रधान कार्यालय: प्लॉट नं.4, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली-110075

(ईमेल आईडी**: hosd@pnb.co.in)**

नोटिस

एततद्वारा सूचित किया जाता है कि पंजाब नैशनल बैंक के शेयरधारकों की असाधारण आम बैठक **बुधवार, 17 मार्च 2021, को प्रातः 11.00 बजे (भारतीय मानक समय) वीडियो कॉंफ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम)** के माध्यम से आयोजित होगी जिसमें निम्नलिखित कार्य किये जाएंगे:-

1. केंद्र सरकार के अलावा बैंक के शेयरधारकों में से **एक** निदेशक का चयन करने के लिए, जिनके संबंध में बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 (बाद में जिसे " **बैंकिंग विनियम अधिनियम**" के रूप में संदर्भित किया गया") के साथ पठित बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों के अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 (बाद में इसे **"अधिनियम"** के रूप में संदर्भित किया गया) की धारा 9 (3) (i) के संदर्भ में वैध नामांकन प्राप्त होते हैं, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 (इसके बाद यह "योजना" के रूप में संदर्भित) और पंजाब नैशनल बैंक (शेयर और बैठकें) विनियम, 2000 (इसके बाद **"पीएनबी विनियम"** के रूप में संदर्भित) जो अधिनियम की धारा 19 के अनुसरण में बनाए गए, और पीएसबी के बोर्ड के निदेशकों के चुनाव के लिए 'फिट एंड प्रॉपर' मापदंड पर आरबीआई मास्टर निर्देश अधिसूचना संख्या डीबीआर.अपार्ट.सं.: 9 / 29.67.001 / 2019- 20 दिनांक 2 अगस्त, 2019 के माध्यम से जारी किया (इसके बाद "**आरबीआई मास्टर निर्देश**" और इसमें आगे संशोधन के रूप में संदर्भित किया गया, यदि कोई हो) दिशानिर्देश दिनांक 25 मार्च, 2015 और दिनांक 08 जुलाई 2016 को भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गैर-सरकारी निदेशकों के रूप में विचार के लिए जारी किया गया (इसके बाद **"भारत सरकार के दिशानिर्देश"** और इसके संशोधन, यदि कोई हो) और निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किया:

"संकल्प किया जाता है कि संबंधित योजना, पीएनबी विनियमों, आरबीआई मास्टर दिशानिर्देशों और भारत सरकार के दिशानिर्देशों के साथ पठित अधिनियम की धारा 9 (3) (i) के अनुसार केंद्र सरकार के अतिरिक्त निदेशकों में से चुने गए एक निदेशक को बैंक के निदेशक के रूप में चुनाव के परिणाम की घोषणा के अगले दिन से कार्यालय संभालने के लिए नियुक्त किया जाता है और इस प्रकार कार्य संभालने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के पूरा होने तक पद धारण करेंगे"।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते पंजाब नैशनल बैंक
हस्ता/-
(एकता पसरीचा)
कंपनी सचिव

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 16.02.2021

टिप्पणियां:

1. कोविड-19 महामारी को देखते हुए, सामाजिक दूरी रखने के मानदंडों का पालन किया जाना है एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए परिपत्र सं.14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020, परिपत्र सं.17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, परिपत्र सं.22/2020 दिनांक 15 जून 2020 परिपत्र सं.33/2020 दिनांक 28 सितंबर 2020 के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) परिपत्र सं.सेबी/प्र.का./सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2021/79 दिनांक 12 मई 2020 और सं.सेबी/प्र.का./सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/79 दिनांक 15 जनवरी 2021, जो वीसी/ओएवीएम के माध्यम से असाधारण आम बैठक ('ईजीएम') के आयोजन करने की अनुमति देता है, के अनुसरण में बैंक के ईजीएम का संचालन वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से किया जा रहा है, जिसके लिए किसी आम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होती है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से असाधारण आम बैठक में शामिल होने वाले शेयरधारकों को पीएनबी विनियम के विनियम 58 के तहत कोरम की गणना के उद्देशय के लिए गिना जाएगा। ईजीएम के लिए विचारणीय स्थल बैंक का प्रधान कार्यालय रहेगा।

2. **कार्यसूची से संबंधित व्याख्यात्मक विवरण इसके साथ संलग्न है।**

3. **प्रॉक्सी की नियुक्ति:** बैठक में भाग लेने एवं मतदान करने हेतु पात्र शेयरधारक, स्वयं के अलावा किसी और को उपस्थित करने और मतदान करने हेतु एक प्रॉक्सी नियुक्त करने के लिए पात्र हैं और ऐसे प्रॉक्सी को बैंक का शेयरधारक होना आवश्यक नहीं है। उपरोक्त छूटों के अनुसार वीसी/ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक के आयोजन के लिए शेयरधारकों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। तदनुसार शेयरधारकों द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति की सुविधा इस वार्षिक आम बैठक के लिए उपलब्ध नहीं है और इसलिए प्रॉक्सी फॉर्म और उपस्थिति पर्ची को इस सूचना में संलग्न नहीं किया गया है।

4. **प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति:**

कोई भी ऐसा व्यक्ति, किसी निगमित निकाय के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में, तब तक वीसी/ओएवीएम एवं/या ई-मतदान के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित होने या मत देने का पात्र नहीं होगा, जब तक प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में उसे नियुक्त करने वाले संकल्प की एक प्रमाणित सत्यप्रति वित्त प्रभाग, शेयर विभाग, प्रधान कार्यालय, पंजाब नैशनल बैंक, ईस्ट विंग, प्रथम तल, प्लॉट सं.4, सेक्टर 10, द्वारका नई दिल्ली - 110075 में, अथवा संवीक्षक को ई-मेल Scrutinizer@snaco.net पर भेज दी जाए और इसकी प्रति evoting@nsdl.co.in और hosd@pnb.co.in पर बैठक की तिथि से कम से कम चार दिन पहले अर्थात **शुक्रवार, 12 मार्च 2021 को सांय 5.00 बजे** से पहले अवश्य जमा करा दी जाए।

बैंक के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को शेयरधारक के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा।

5. विशिष्ट/कट-ऑफ तिथि:

शुक्रवार, 19 फरवरी 2021 को चुनाव में भाग लेने के लिए पात्र शेयरधारकों का निर्धारण करने के उद्देश्य से निर्दिष्ट/कट-ऑफ तिथि के रूप में निर्धारित किया गया है, अर्थात केंद्र सरकार के अलावा बैंक के शेयरधारकों में से किसी एक निदेशक के चुनाव के लिए नामित, चुनाव लड़ने और वोट करने के लिए, जैसा कि नोटिस में उल्लेख किया गया है।

6. मतदान का अधिकार

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 (यथा संशोधित) की धारा 3 (2 ई) के प्रावधानों के अनुसार केंद्र सरकार के अलावा बैंक का कोई भी शेयरधारक उसके शेयरों के सम्बन्ध में बैंक के शेयरधारकों के कुल वोटिंग अधिकार के 10% से अधिक मताधिकार हेतु पात्र नहीं होगा|

यदि कोई भी शेयर दो या दो से अधिक व्यक्तियों के नाम पर है, तो मतदान के संबंध में रजिस्टर में जिसका नाम पहले है उसे एकमात्र धारक माना जाएगा |

कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियम 2014, यथा संशोधित, के नियम 20 के अनुसार जो शेयरधारक बैठक में उपस्थित होने तथा वोट देने का पात्र है, वे अपने वोट का प्रयोग इलैक्ट्रानिक साधन के माध्यम से कर सकते हैं।

7. इलेक्ट्रॉनिक साधन के माध्यम से वोटिंग

I. सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन 2015 के विनियम 44, स्टॉक एक्सचेंजों के साथ सूचीकरण करार के अनुसरण में और कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियमावली 2014 , यथासंशोधित, के नियम 20 के प्रावधान जो एमसीए परिपत्रों के साथ पठित है, की अनुपालना में बैंक अपने शेयरधारकों को ईजीएम में किए जाने वाले कार्य के संबंध में आम बैठक में इलैक्ट्रानिक माध्यमों द्वारा मतदान (रिमोट ई-वोटिंग और ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग) करने की सुविधा दे रहा है और यह सुविधा नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा उपलब्ध कराए गए ई-वोटिंग प्लेटफार्म के माध्यम से दी जा रही है। ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने हेतु शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए कट-ऑफ तिथि 19 फरवरी 2021, शुक्रवार है|

II. वे शेयरधारक, जो वीसी/ ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित होंगे और जिन्होंने सुदूर ई-वोटिंग के माध्यम से चुनाव में अपना वोट नहीं दिया है, वह वार्षिक आम बैठक के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने के लिए पात्र होंगे।

III. जिन शेयरधारकों ने बैठक से पहले दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी वीसी / ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे पुनः अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

IV. रिमोट ई वोटिंग के लिए निर्देश निम्नानुसार है :-

(i) रिमोट ई वोटिंग की अवधि शुक्रवार, 12 मार्च 2021 से (प्रात: 9.00 बजे) से शुरू होगी और मंगलार, 16 मार्च 2021 (सायं 5.00 बजे) तक समाप्त हो जाएगी । इस अवधि के दौरान, कट ऑफ तिथि 19

फरवरी 202 1 के अनुसार, बैंक के शेयरधारक चाहे वह भौतिक रूप में शेयरधारण करते हो या डिमेटेरियालाइज्ड रूप में, वे इलेक्ट्रानिक माध्यम से अपना वोट दे सकते हैं। ई वोटिंग के बाद एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग माडयूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

(ii) रिमोट ई-वोटिंग के लिए प्रक्रिया और विधि का विवरण नीचे दिया गया है:

चरण 1: शेयरधारकों को ई-वोटिंग वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर लॉग ऑन करना होगा
चरण 2: शेयरधारक को तब एनएसडीएल वोटिंग सिस्टम पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट डालना होगा|

चरण 1 का विवरण नीचे वर्णित है :
एनएसडीएल ई-वोटिंग वेबसाइट पर लॉग-इन कैसे करें?
1. एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट पर जाएं। पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल पर निम्न यूआरएल : https://www.evoting.nsdl.com टाइप करके वेब ब्राउज़र खोलें |

2. एक बार ई-वोटिंग सिस्टम का होम पेज खुलने के बाद, 'लॉगइन' आइकॉन पर क्लिक करें जोकि 'शेयरहोल्डर्स' अनुभाग के तहत उपलब्ध है।

3. एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपनी यूजर आईडी, अपना पासवर्ड और स्क्रीन पर दर्शाया गया सत्यापन कोड दर्ज करना होगा |

वैकल्पिक रूप से, यदि आप एनएसडीएल ई-सेवाओं यानी, आइडियाज के लिए पंजीकृत हैं, तो आप अपने मौजूदा आईडीईएएस लॉगिन के साथ *https://eservices.nsdl.com* पर लॉग-इन कर सकते हैं। एक बार जब आप अपने लॉग-इन क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके एनएसडीएल की ई-सेवाओं में लॉग-इन करते हैं, तो ई-वोटिंग पर क्लिक करें और आप चरण 2 पर आगे बढ़ सकते हैं यानी इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। आप एनएसडीएल के मोबाइल ऐप का उपयोग कर सकते हैं |

4. आपके यूजर आईडी का विवरण नीचे दिया गया है:

शेयर धारित करने का तरीका अर्थात डीमैट (एनएसडीएल या सीडीएसएल) या भौतिक	**आपका यूजर आईडी है:**
क) एनएसडीएल के डीमैट खाते में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए	8 अंकों के डीपी आईडी के बाद 8 कैरेक्टर की ग्राहक आईडी उदाहरण के लिए यदि आपकी डीपी आईडी IN300*** है और ग्राहक आईडी 12****** है तो आपका यूजर आईडी IN300***12****** होगा
ख) सीडीएसएल के डीमैट खाते में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए।	16 अंकों की लाभार्थी आईडी उदाहरण के लिए यदि आपकी लाभार्थी आईडी

	12********** है तो आपका यूजर आई 12********** होगा
ग) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए	इवन नंबर के बाद बैंक में पंजीकृत फोलियो नंबर, उदाहरण के लिए यदि फोलियो नंबर 001*** है और इवन 101456 है तो यूजर आई 101456001*** होगा

5. आपका पासवर्ड विवरण नीचे दिया गया है:
   क. यदि आप पहले से ही ई-वोटिंग के लिए पंजीकृत हैं, तो आप अपने मौजूदा पासवर्ड का उपयोग लॉगिन और अपना वोट डालने के लिए कर सकते हैं।
   ख. यदि आप एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली का प्रयोग पहली बार कर रहे हैं, तो आपको 'इनिशियल पासवर्ड' पुनः प्राप्त करना होगा, जो आपको भेजा गया था। एक बार जब आप अपना 'इनिशियल पासवर्ड' पुनः प्राप्त कर लेते हैं, तो आपको 'इनिशियल पासवर्ड' दर्ज करना होगा और सिस्टम आपको अपना पासवर्ड बदलने के लिए संकेत देगा।
   ग. अपना 'इनिशियल पासवर्ड' कैसे प्राप्त करें**?**
   (i) यदि आपकी ईमेल आईडी आपके डीमैट खाते में या बैंक में पंजीकृत है, तो आपका 'इनिशियल पासवर्ड' आपके ईमेल आईडी पर आपको भेजा जाता है। अपने मेलबॉक्स में एनएसडीएल से भेजे गए ईमेल को ढूंढें। ईमेल खोलें और अटैचमेंट अर्थात् पीडीएफ फ़ाइल खोलें। एनएसडीएल खाते के लिए पीडीएफ फ़ाइल को खोलने का पासवर्ड आपकी 8 अंकों की ग्राहक आईडी है, सीएसडीएल खाते के लिए ग्राहक क्लाइंट आईडी का अंतिम 8 अंक या भौतिक शेयरों के लिए फ़ोलियो नंबर पासवर्ड होगा। पीडीएफ फ़ाइल में आपकी 'यूजर आईडी' और आपका 'इनिशियल पासवर्ड' दिए गए हैं।
   (ii) यदि आपकी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं है, तो कृपया 'उन शेयरधारकों के लिए प्रक्रिया जिनकी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं हैं' के तहत दिए गए चरणों का पालन करें।

6. यदि आप अपना 'इनिशियल पासवर्ड" पुनः प्राप्त करने में असमर्थ हैं या प्राप्त नहीं हुआ है या भूल चुके हैं:
   क. www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध विकल्प 'Forgot User Details/Password?' पर क्लिक करें। (यदि आप एनएसडीएल या सीडीएसएल के साथ अपने डीमैट खाते में शेयर रख रहे हैं) ।
   ख. "Physical User Reset Password?" विकल्प (यदि आप भौतिक रूप में शेयर धारण कर रहे हैं) www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है ।
   ग. यदि आप अभी भी उक्त दो विकल्पों के द्वारा पासवर्ड प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, तो आप evoting@nsdl.co.in पर अपने डीमैट अकाउंट नंबर/फोलियो नंबर, अपना पैन, अपना नाम और अपने पंजीकृत पते का उल्लेख करके अनुरोध भेज सकते हैं।
   घ. शेयरधारक एनएसडीएल की ई-वोटिंग प्रणाली पर वोट डालने के लिए ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) आधारित लॉगिन का भी उपयोग कर सकते हैं।

7. अपना पासवर्ड दर्ज करने के बाद, चेक बॉक्स को सेलेक्ट कर 'Terms and Conditions' पर Agree पर टिक करें।
8. अब, आपको, 'लॉगिन' बटन पर क्लिक करना होगा।
9. 'लॉगिन'' बटन पर क्लिक करने के बाद, ई-वोटिंग का होम पेज खुल जाएगा।

चरण 2 का विवरण नीचे दिया गया है:

एनएसडीएल ई-वोटिंग सिस्टम पर इलेक्ट्रॉनिक तरीके से अपना वोट कैसे डालें?

1. चरण 1 पर सफल लॉगिन के बाद, आप ई-वोटिंग का होम पेज देख पाएंगे। ई-वोटिंग पर क्लिक करें। फिर, एक्टिव वोटिंग साइकिल पर क्लिक करें।
2. एक्टिव वोटिंग साइकिल पर क्लिक करने के बाद, आप सभी कंपनियों को 'EVEN' देख पाएंगे, जिसमें आप शेयर धारण कर रहे हैं और जिनका वोटिंग साइकिल सक्रिय स्थिति में है।
3. बैंक का 'EVEN' चुनें।
4. अब आप ई-वोटिंग के लिए तैयार हैं क्योंकि आपका वोटिंग पेज खुल गया है।
5. अपने पसंदीदा उम्मीदवार का चयन करके आप अपना वोट डालें, और, "सबमिट" पर क्लिक करे एवं अपने वोट को "कंफर्म" करें। आप एक उम्मीदवार से अधिक का चयन नहीं कर सकते हैं|
6. पुष्टि करने के बाद, "सफलतापूर्वक वोट डाला गया" संदेश प्रदर्शित होगा।
7. आप पुष्टि पृष्ठ के प्रिंट विकल्प पर क्लिक करके अपने द्वारा डाले गए वोटों का प्रिंटआउट भी ले सकते हैं।
8. एक बार संकल्प पर अपना वोट डालने के बाद, आपको अपना वोट बदलने की अनुमति नहीं होगी।

शेयरधारकों के लिए सामान्य दिशा-निर्देश

1. संस्थागत शेयरधारकों (अर्थात, व्यक्तियों एचयूएफ, एनआरआई आदि के अलावा) को बोर्ड के संकल्प जिसमें उसे विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया हो, जो मत देने हेतु प्राधिकृत, विधिवत अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता (ओं) के सत्यापित नमूना हस्ताक्षरों के साथ स्कैन की गई प्रमाणित मूल प्रति संवीक्षक को ईमेल evoting@nsdl.co.in और hosd@pnb.co.in पर (पीडीएफ/जेपीजी प्रारूप में) भेजनी होगी, और इसकी प्रति Scrutinizer@snaco.net पर भेजे।

2. यह दृढ़तापूर्वक अनुशंसा की जाती है कि किसी अन्य व्यक्ति के साथ अपना पासवर्ड साझा न करें और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें। ई-वोटिंग वेबसाइट पर लॉगिन सही पासवर्ड डालने के लिए पांच असफल प्रयासों पर अक्षम हो जाएगा। ऐसी स्थिति में, आपको पासवर्ड रीसेट करने के लिए www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध 'Forgot User Details/Password?' or 'Physical User Reset Password?'' विकल्प पर जाना होगा।

3. किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में, आप शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) को संदर्भित कर सकते हैं और www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका या टोल फ्री नंबर: 1800-1020-990 पर कॉल कर सकते हैं या निम्न को अनुरोध कर सकते है:

i) सुश्री सोनी सिंह, उप प्रबंधक, एनएसडीएल को विनिर्दिष्ट ईमेल आईडी: evoting@nsdl.co.in या SoniS@nsdl.co.in या टेलीफोन नंबर: +91-22-24994559 या

ii) सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक, एनएसडीएल को विनिर्दिष्ट ईमेल आईडी: evoting@nsdl.co.in, pallavid@nsdl.co.in या टेलीफोन नंबर +91 22 2499 4545 पर।

v. इस नोटिस में नियत किए गए संकल्प पर ई-वोटिंग के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने और ईमेल आईडी के पंजीकरण की प्रक्रिया ऐसे शेयरधारकों के लिए ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं हैं:

क. वे शेयरधारक, जो भौतिक रूप में शेयर रखते हैं या जिन्होंने बैंक के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है और जो ईजीएम में भाग लेना चाहते हैं या दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से या बैठक के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपना वोट डालनाचाहते हैं, वे फ़ोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाण पत्र की स्कैन की गई कॉपी (आगे और पीछे) के साथ पैन कार्ड की स्व सत्यापित स्कैन कॉपी बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट को बीटल beetal@beetalfinancial.comपर भेजकर अपना लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

ख. डीमैट मोड में शेयर होने की स्थिति में, शेयरधारक डीपीआईडी-सीएलआईडी (16 अंकों की डीपीआईडी + सीएलआईडी या 16 अंकों की लाभार्थी आईडी) नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति के साथ स्कैन किए गये पैन कार्ड की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट को beetal@beetalfinancial.comपर भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

8. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य दृश्य-श्रव्य साधन (ओएवीएम)

बैंक एनएसडीएल की वेबसाइट पर वार्षिक असाधारण आम बैठक (ईजीएम) की कार्यवाहियों की लाइव स्ट्रीमिंग देखने की सुविधा प्रदान करेगा। आप अपने दूरस्थ ई-वोटिंग क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके https://www.evoting.nsdl.com पर इसे एक्सेस कर सकते हैं। लिंक शेयरधारक लॉगिन में उपलब्ध होगा जहां बैंक का ईवन प्रदर्शित किया जाएगा।

शेयरधारक नोटिस में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए, वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैंक के ईजीएम में शामिल हो सकते हैं, जिसे शेयरधारकों के लिए सुबह 10:30 बजे से अर्थात ईजीएम शुरू होने के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले खुला रखा जाएगा।

शेयरधारक नोट करें कि एनएसडीएल द्वारा दी गई वीसी/ओएवीएम सुविधा कम से कम 1000 सदस्यों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर भाग लेने की अनुमति देती है| बैंक में शेयरपूंजी के 2% या अधिक शेयर रखने वाले शेयर धारक, प्रमोटर, संस्थागत निवेशक, निदेशक, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक, लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष, नामांकन और पारिश्रमिक समिति और हितधारक संबंध समिति, लेखा परीक्षकों, आदि ईजीएममें पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर बिना किसी प्रतिबंध के भाग ले सकते हैं।

i. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने हेतु निर्देश निम्नानुसार हैं:

क. शेयरधारक दूरस्थ ई-वोटिंग क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके और बैंक ईजीएमके लिए ईवन का चयन करके https://www.evoting.nsdl.com पर शेयरधारकों हेतु लॉगिन के तहत एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएममें भाग लेने में सक्षम होंगे। कृपया ध्यान दें कि जिन शेयरधारकों के पास ई-वोटिंग के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड नहीं है या उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड भूल गए हैं, वे अंतिम समय पर भाग दौड़ से बचने के लिए नोटिस में उल्लिखित दूरस्थ ई-वोटिंग निर्देशों का पालन करके इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, शेयरधारक एनएसडीएल की ई-वोटिंग प्रणाली में लॉगिन हेतु ओटीपी आधारित लॉगिन का भी उपयोग कर सकते हैं।

ख. शेयरधारक बेहतर अनुभव हेतु लैपटॉप के माध्यम से बैठक में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, शेयरधारकों को बैठक के दौरान किसी भी व्यवधान से बचने हेतु एक अच्छी गति के साथ इंटरनेट और कैमरे की आवश्यकता होगी। कृपया ध्यान दें कि मोबाइल उपकरणों या टैबलेटों या लैपटॉप आदि के

माध्यम से जुड़ने वाले शेयरधारक मोबाइल हॉटस्पॉट के माध्यम से कनेक्ट करने पर अपने संबंधित नेटवर्क में उतार-चढ़ाव के कारण ऑडियो/वीडियो हानि का सामना कर सकते हैं। इसलिए किसी भी प्रकार की उक्त रुकावट को कम करने हेतु स्थिर वाई-फाई या लैन कनेक्शन का उपयोग करने की सिफारिश की जाती है।

ग. शेयरधारक अपने पंजीकृत ईमेल पते से ईजीएममें किए जाने वाले कार्य के संबंध में बैठक शुरू होने से कम से कम 48 घंटे पहले अर्थात 15 मार्च, 2021 को सुबह 11:00 बजे तक अपने नाम, डीपी आईडी और ग्राहक आईडी नंबर/फ़ोलियो नंबर और मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए बैंक के ईमेल पते hosd@pnb.co.inपर अपने प्रश्न अग्रिम रूप से भेज सकते हैं। जो शेयरधारक ईजीएम में दिए जाने वाले कार्य के सम्बन्ध में ईजीएम के दौरान विचार प्रकट करना चाहते हैं/प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे वक्ता के रूप में अपना पंजीकरण करने हेतु अपना नाम, डीपीआई, ग्राहक आईडी संख्या/फोलियो संख्या और मोबाइल नं. देते हुए अपने पंजीकृत ईमेल पते से अपना अनुरोध ईजीएमके शुरू होने से कम से कम 48 घंटे पूर्व अर्थात 15 मार्च, 2021को सुबह 11:00 बजे तक या इससे पहले ईमेल पते hosd@pnb.co.in पर कर सकते हैं| जिन शेयरधारकों ने खुद को एक वक्ता के रूप में पंजीकृत किया है, उन्हें ही केवल बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करने / प्रश्न पूछने की अनुमति होगी। वीसी/ ओएवीएम के माध्यम ईजीएम में भाग लेने वाले शेयरधारक प्रश्न बॉक्स विकल्प के माध्यम से प्रश्न/फीडबैक भेज सकते हैं। बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा इस तरह के पूछे गए प्रश्नों का उत्तर बैंक द्वारा ईजीएम तिथि से 7 दिनों के भीतर दिया जाएगा|

घ. संस्थागत निवेशक, जो बैंक के शेयरधारक हैं, से अनुरोध किया जाता है कि वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएममें उपस्थित हों।

II. ईजीएमके दौरान ई-वोटिंग के निर्देश निम्नानुसार है:

क. शेयरधारक ईजीएमके दौरान ई-वोटिंग के लिए उसी प्रक्रिया का पालन कर सकते हैं जैसा कि दूरस्थ ई-वोटिंग के लिए ऊपर दिया गया है।

ख. शेयरधारक जिन्होंने ईजीएमसे पहले दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा संकल्पों पर अपना वोट डाला है, वे ईजीएममें वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग ले सकते हैं लेकिन फिर से वे अपना वोट डालने के पात्र नहीं होगें।

ग. ईजीएमसे पूर्व या इसके दौरान, तकनीक के प्रयोग के लिए सहायता प्राप्त करने के इच्छुक शेयरधारक द्वारा संपर्क किए जाने वाले व्यक्तियों को हेल्पलाइन विवरण वही होगा जो कि रिमोट ई-वोटिंग के लिए दिया गया है|

9. संवीक्षक

मेसर्स एस.एन. अनंतसुब्रमण्यम एवं कंपनी, कंपनी सचिव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई-वोटिंग प्रक्रिया की जांच करने के लिए बैंक द्वारा संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

संवीक्षक, वार्षिक आम बैठक (ईजीएम) के समापन के 48 घंटे के अन्दर बैठक के अध्यक्ष को दिए गए कुल मतों पर एक समेकित संवीक्षककर्ता रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और अध्यक्ष या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति लिखित रूप में उक्त पर प्रतिहस्ताक्षर करेंगे तथा स्टॉक एक्सचेंज और बैंक की वेबसाइट पर समेकित संवीक्षककर्ता की रिपोर्ट के साथ परिणाम प्रस्तुत करते हुए तुरंत मतदान के परिणाम घोषित करेगा।

10. अन्य सूचना

क) सेबी के पूर्व कथित परिपत्र के अनुपालन में, बैंक की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) की सूचना, अन्य बातों के साथ-साथ, ई-वोटिंग आदि की प्रक्रिया और विधि का संकेत बताते हुए, केवल उन सभी शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रेषित की जा रही है, जिनकी ईमेल आईडी रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (एसटीए) अर्थात "बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (प्रा०) लिमिटेड"/ डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (ओं) के साथ पंजीकृत हैं।

ख) शेयरधारक यह भी नोट कर सकते हैं कि ईजीएमकी सूचना बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों क्रमशः www.bseindia.comऔर www.nseindia.comपर तथा NSDL की वेबसाइट अर्थात https://www.evoting.nsdl.comपर भी उपलब्ध है।

ग) बैंक द्वारा किए गए 'हरित पहल' (ग्रीन इनिशिएटिव्स) को ध्यान में रखते हुए, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे डीमैट रूप में रखे गए शेयरों के मामले में अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के साथ औरभौतिक रूप में रखे गए शेयरों के मामले में, अपने बैंक के एसटीए के साथ(STA की ईमेल आईडी: beetal@beetalfinancial.com)अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत करवाएं।इसके अलावा, परिवर्तनों के मामले में, यदि कोई हो, तो उनके नाम, डाक पते, ईमेल पते, टेलीफोन / मोबाइल नंबर, स्थायी खाता संख्या (पैन), अधिदेश, नामांकनों, बैंक विवरण जैसे बैंक का नाम और शाखा विवरण, बैंक खाता संख्या, एमआईसीआर कोड, आईएफएससी कोड इत्यादि, से संबंधित परिवर्तन को, यदि कोई हो, तो इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गए शेयरों के मामले में अपने डीपी को सूचित किया जा सकता है तथा भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के मामले में अपने एसटीए को सूचित किया जा सकता है।

घ) ऐसे शेयरधारक जिनके पास समान नामों में या संयुक्त नामों में कई फोलियों में शेयर भौतिक रूप में रखे हैं, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे अपने शेयर प्रमाणपत्रों को एकल फोलियो में समेकन के लिए एसटीए को भेजें।

ङ) सेबी (सूचीबद्धता, बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 40 के अनुसार, यथासंशोधित, सूचीबद्ध संस्थाओं की प्रतिभूतियों को, प्रतिभूतियों के ट्रांसमिशन या ट्रांस्पोजिशनहेतुप्राप्त अनुरोध के मामले को छोड़कर, 1 अप्रैल, 2019 से केवल डीमैटरियलाइज्ड रूप में स्थानांतरित किया जा सकता है। इसे देखते हुए और भौतिक शेयरों से जुड़े जोखिम को कम करने के लिए एवं पोर्टफोलियो प्रबंधन की सुगमताहेतु, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपनी होल्डिंग्स को अमूर्त रूप में परिवर्तित करने पर विचार करें। शेयरधारक इस संबंध में सहायता के लिए बैंक या बैंक के एसटीए से संपर्क कर सकते हैं|

व्याख्यात्मक कथन:

एक शेयरधारक निदेशक का चयन

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (i) के अनुसार निदेशक मंडल आम बैठक में उनके शेयरधारकों (केन्द्र सरकार के अलावा) द्वारा चयनित निदेशकों को शामिल करेगा| शेयरधारकों द्वारा चयनित किये गए ऐसे निदेशकों की संख्या निम्नानुसार होगी:

- एक निदेशक, जहाँ सार्वजनिक शेयरधारिता कुल प्रदत्त पूंजी के 16 प्रतिशत से अधिक नहीं है;
- दो निदेशक, जहाँ सार्वजनिक शेयरधारिता 16 प्रतिशत से अधिक है लेकिन कुल प्रदत्त पूंजी के 32 प्रतिशत से अधिक नहीं है;
- तीन निदेशक, जहाँ सार्वजनिक शेयरधारिता कुल प्रदत्त पूंजी के 32 प्रतिशत से अधिक है;

दिसंबर 2020 में योग्य संस्थागत स्थानन (क्यूआईपी) के माध्यम से इक्विटी शेयरों के जारीकरण और आबंटन के परिणामस्वरूप, बैंक में सार्वजनिक हिस्सेदारी 14.41% से बढ़कर 23.13% हो गई है और इस तरह से बैंक द्वारा केंद्र सरकार के अलावा, अन्य शेयरधारकों द्वारा दो निदेशकों का चयन किया जाना अपेक्षित है।

डॉ० आशा भंडारकर वर्तमान में बोर्ड में एक निदेशक हैं, केंद्र सरकार के अलावा बैंक के शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करती हैं। अन्य रिक्ति को भरने की दृष्टि से, बैंक ईजीएम में चुनाव कराने का प्रस्ताव रखता है।

इसलिए शेयरधारक (केंद्र सरकार के अलावा) प्रासंगिक अधिनियम/योजना/विनियम/अधिसूचना / दिशानिर्देशों में विस्तृत प्रक्रिया के अनुसार अपने नामांकन भेजने के हकदार हैं।

1. कानूनी प्रावधान

संबंधित अधिनियम/योजना/विनियम/अधिसूचना/दिशानिर्देश के प्रासंगिक सार/ अंश यहां पुन: प्रस्तुत किए गए हैं:

अधिनियम/ योजना/ विनियम /अधिसूचना	**प्रावधान**	**संक्षिप्त विवरण**
बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949	धारा 5 (एन से ई) धारा 16 (1) धारा 20	▪ पर्याप्त ब्याज ▪ आम निदेशकों का निषेध ▪ किसी भी निदेशक को या की ओर से ऋण या अग्रिम देने के लिए प्रतिबंध।
बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970	धारा 3 (2 ई) धारा 9(3) (i) धारा 9(3ए)(ए) से (सी) धारा 9 (3एए) एवं धारा 9 (3एबी)	▪ वोटिंग अधिकार पर प्रतिबन्ध ▪ शेयरधारकों द्वारा चयनित निदेशकों की संख्या ▪ कुछ क्षेत्रों में विशेष ज्ञान ▪ निदेशक के रूप में चयनित होने के लिए कोई व्यक्ति तब तक पात्र नहीं होगा जब तक

	धारा 9 (3बी) धारा 13 (2)	वह व्यक्ति यथा निर्धारित आरबीआई के ट्रैक रिकॉर्ड, अखंडता और ऐसे अन्य मानदंडों के आधार पर 'फिट और उचित' स्थिति वाला नहीं है। ▪ इस प्रकार निर्वाचित निदेशक को हटाने के लिए आरबीआई का अधिकार जो उक्त अधिनियम की धारा 9 (3 ए) और 9 (3 एए) की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है। ▪ निष्ठा और गोपनीयता के रूप में दायित्व
राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970	खंड 9(4) खंड 10 खंड 11 खंड 11ए खंड 11बी खंड 12(8)	▪ चयनित निदेशकों के कार्यालय की अवधि ▪ निदेशक के रूप में चुने जाने या बैंक के निदेशक होने के नाते से अयोग्यता ▪ निदेशक के कार्यालय का विश्रामावकाश ▪ निर्वाचित निदेशक के पद से हटाया जाना ▪ निर्वाचित निदेशक के कार्यालय में आकस्मिक रिक्ति को भरना ▪ निदेशकों द्वारा कुछ व्यवस्थाओं मेंहित का प्रकटीकरण जिसमें वे रुचि रखते हैं।

पंजाब नैशनल बैंक (शेयर एवं बैठकें) अधिनियम, 2000	अधिनियम 10 अधिनियम 61 अधिनियम 63 अधिनियम 64 अधिनियम 65 अधिनियम 66 अधिनियम 67 अधिनियम 68 अधिनियम 69 अधिनियम 70	▪ संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग ▪ साधारण बैठकों में वोटिंग ▪ साधारण बैठकों में चुने जाने वाले निदेशक ▪ शेयरधारकों की सूची ▪ चयन हेतु उम्मीदवारों का नामांकन ▪ नामांकनों की जाँच ▪ चुनाव विवाद ▪ मतदान अधिकारों का निर्धारण ▪ विधिवत अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा मतदान ▪ प्रोक्सी
आरबीआई (पीएसबी के मंडल पर निर्वाचित निदेशकों के लिए 'फिट एवं उचित' मानदंड) दिशानिर्देश, 2019 - DBR.Appt.No:9/29.67.001 /201920दिनांक 02.08.2019 और उसके उत्तरवर्ती संशोधन	बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3AA) और धारा 9 (3AB) के अनुसार	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मंडलों पर चयनित निदेशकों के लिए फिट एवं उचित मानदंड
भारत सरकार द्वारा अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों की नियुक्ति के लिए जारी दिशानिर्देश दिनांक 25 मार्च, 2015 और उत्तरवर्ती संशोधन दिनांक 08 जुलाई, 2016, भारत सरकार के पत्रों दिनांक 28 अप्रैल 2015 और 20 जुलाई, 2016 के साथ पठित और उसमें किये गए संशोधन, यदि कोई हो,।	भारत सरकार के 3 सितंबर, 2013 की अधिसूचना के अनुसार, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (i) के तहत शेयरधारक निदेशक के रूप में चुने जाने के लिए उम्मीदवारों की फिट और उचित स्थिति का निर्धारण करते समय इन दिशानिर्देशों को ध्यान में रखा जाएगा।	

आरबीआई मास्टर परिपत्र दिनांक 1 जुलाई 2015	निदेशकों के संबंधियों को ऋण एवं अग्रिम देना|
सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन, 2015	स्वतंत्र निदेशक से संबंधित प्रावधान|

शेयरधारकों की सुविधा के लिए, अधिनियम के प्रासंगिक सार, बैंककारी विनियमन अधिनियम, योजना, पीएनबी विनियमों के साथ-साथ पीएसबी के बोर्ड पर निर्वाचित निदेशकों के लिए 'उपयुक्त तथा उचित' मानदंड पर आरबीआई द्वारा दिनांक 02 अगस्त, 2019 को जारी मास्टर निदेश, यथा संशोधित तथा भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.co.in पर उपलब्ध करवा दिए जाएंगे | कंपनी सचिव, पंजाब नैशनल बैंक को संबोधित अनुरोध hosd@pnb.co.in पर नामांकन फॉर्म जमा करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि अर्थात् **मंगलवार, 02 मार्च, 2021 को सायं 04.00 बजे तक** प्राप्त होने पर ये सार इच्छुक उम्मीदवारों को ईमेल के माध्यम से भी भेज दिए जाएंगे |

2. चुनाव में भागीदारी

ऐसे शेयरधारक जिनका नाम एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा प्रस्तुत शेयरधारकों /लाभार्थी स्वामियों की बही में निर्दिष्ट/अंतिम तिथि अर्थात् शुक्रवार, 19 फ़रवरी, 2021 को शामिल पाया जाता है तो वे केंद्र सरकार के शेयरधारकों को छोड़कर अन्य शेयरधारकों में से एक शेयरधारक निदेशक के चुनाव में भाग लेने हेतु अर्थात् नामांकन भरने, चुनाव लड़ने तथा मतदान करने के लिए पात्र होंगे |
यह नोट करें कि केंद्र सरकार निदेशक के चुनाव में भाग लेने हेतु पात्र नहीं है लेकिन ईजीएम में प्रेक्षक के रूप में उपस्थित हो सकते हैं।

3. बैंक के निदेशक के रूप में चुने जाने के लिए आवश्यक योग्यताएं

i) अधिनियम की धारा 9(3ए) के अनुसार, कोई उम्मीदवार बैंक का शेयरधारक होने के नाते तथा जो अधिनियम की धारा 9(3)(i) के तहत बैंक के निदेशक के रूप में चुने जाने की इच्छा रखता है, उसके पास:

क. निम्नलिखित मामलों में से एक या अधिक के संबंध में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए: -

- कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था
- बैंकिंग
- सहकारिता
- अर्थशास्त्र
- वित्त
- विधि
- लघु उद्योग
- अन्य किसी मामले में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव, जो भारतीय रिज़र्व बैंक के विचार से बैंक के लिए उपयोगी होगा |

[आरबीआई ने अपने परिपत्र सं. डीबीआर.एपीपीटी.बीसी.सं.39/29.39.001/2016-17 दिनांक 24 नवम्बर, 2016 के माध्यम से यह अधिसूचित किया है कि (i) सूचना प्रौद्योगिकी (ii) भुगतान तथा निपटन प्रणाली (iii) मानव संसाधान (iv) जोखिम प्रबंधन (v) व्यावसायिक प्रबंधन से संबंधित विषयों या क्षेत्रों में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव होना किसी बैंकिंग कंपनी, भारतीय स्टेट बैंक, अनुषंगी बैंक तथा नए संपर्की बैंक (पीएसबी), जो भी हो, के लिए उपयोगी होगा ।]

ख. जमाकर्ताओं के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो; या

ग. किसानों, मजदूरों तथा कारीगरों के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो ।

ii) अधिनियम की धारा 9 (3एए) के अनुसार, बैंक का शेयरधारक होने के नाते कोई उम्मीदवार जो बैंक का निदेशक होना चाहता है उसकी स्थिति 'उपयुक्त और उचित' होनी चाहिए ।

iii) अधिनियम की धारा 9 (3एबी) के अनुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक उप धारा 3(एए) के तहत् जारी अधिसूचना में 'उपयुक्त और उचित' स्थिति का निर्धारण करने वाला प्राधिकारी, ऐसे निर्धारण के तरीके, ऐसे निर्धारण हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया तथा इनके अतिरिक्त अन्य ऐसे मामले, जिन्हें आवश्यक या आकस्मिक माना जा सकता है, निर्दिष्ट कर सकता है|

iv) इसके अतिरिक्त, चयनित निदेशक को प्रसंविदा विलेख निष्पादित करना चाहिए तथा उनके द्वारा इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा यथा निर्धारित वार्षिक घोषणा पत्र भी प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है ।

4. बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने से अयोग्य करार दिया जाना

i) राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970/1980 के खंड 10 के अनुसार एक व्यक्ति को निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने हेतु अयोग्य करार दिया जाएगा:

a) यदि उसे किसी भी समय दिवालिया घोषित कर दिया गया है या उसने भुगतान रोक दिया है या लेनदारों से मिलीभगत कर ली हो; या

b) अगर वह मानसिक रूप से अस्वस्थ पाया गया है और किसी सक्षम अदालत द्वारा ऐसा घोषित किया गया है; या

c) यदि उसे दंड न्यायालय द्वारा ऐसे अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है, जिसमें नैतिक रूप से भ्रष्ट होना भी शामिल है; या

d) यदि वह बैंक के कर्मचारियों के बीच से अधिनियम की धारा 9 की उप-धारा (3) के खंड (ई) एवं (एफ) के तहत् नामित प्रबंध निदेशक और निदेशकों सहित पूर्णकालिक निदेशकों का पद छोड़कर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक या भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप-धारा (1) के तहत् गठित भारतीय स्टेट बैंक या भारतीय स्टेट बैंक (अनुषंगी बैंक), अधिनियम, 1959 की धारा 3 में यथा परिभाषित किसी अनुषंगी बैंक के अंतर्गत कोई लाभ का पद धारण करता है ।

ii) यदि वह भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निदेश (पीएसबी के बोर्ड पर निर्वाचित निदेशकों के लिए 'उपयुक्त तथा उचित' मानदंड) दिनांक 02 अगस्त, 2019 तथा अंशकालिक गैर सरकारी निदेशकों की नियुक्ति हेतु भारत सरकार द्वारा दिनांक 25 मार्च, 2015 तथा 08 जुलाई, 2016 को जारी दिशा-निर्देश,

भारत सरकार की अधिसूचना 3 सितंबर, 2013 तथा इसके अतिरिक्त तदंतर किए गए संशोधन, यदि कोई हो, के साथ पठित, के अनुसार 'उपयुक्त तथा उचित' नहीं पाया जाता है |

5. कार्यकाल

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के खंड 9(4) के अनुसार, निर्वाचित निदेशक का कार्यकाल तीन वर्षों के लिए रहेगा तथा वह पुनर्निर्वाचन का पात्र होगा |

बशर्ते कोई भी निदेशक लगातार छह वर्ष से अधिक की अवधि के लिए पद धारण नहीं करेगा|

6. मास्टर निदेश (पीएसबी के बोर्ड पर निर्वाचित निदेशकों के लिए 'उपयुक्त तथा उचित' मानदंड), निदेश, 2019

भारतीय रिज़र्व बैंक इस संबंध में बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 9 की उप-धारा (3ए(ए) के तहत् दी गई शक्तियों का प्रयोग कर दिनांक 02 अगस्त, 2019 को पीएसबी के बोर्ड पर निर्वाचित निदेशकों के लिए 'उपयुक्त तथा उचित' मानदंड पर मास्टर निदेश जारी किया है, जिसमें बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 9 (3)(i) के प्रावधानों के तहत् बैंकों के बोर्ड पर निदेशकों के रूप में निर्वाचित होने वाले व्यक्तियों द्वारा पूरे किए जाने वाले निर्दिष्ट 'उपयुक्त तथा उचित' मानदंड दिए गए हैं |

'उपयुक्त तथा उचित' स्थिति आदि का निर्धारण करने हेतु प्राधिकारी, तरीका/प्रक्रिया और मानदंड निम्नानुसार हैं:

i) **प्राधिकारी**: बैंक द्वारा एक नामांकन और पारिश्रमिक समिति [समिति] का गठन करना आवश्यक है जिसमें निदेशक मंडल के बीच से न्यूनतम तीन गैर-कार्यकारी निदेशक हों, जिनमें से आधे स्वतंत्र निदेशक होंगे तथा इसमें, अधिनियम की धारा 9(3)(i) के तहत् निदेशकों के रूप में निर्वाचित जाने के लिए व्यक्तियों की 'उपयुक्त और उचित' स्थिति का निर्धारण करने के लिए समुचित सावधानी बरतने हेतु निदेशक मंडल की जोखिम प्रबन्धन समिति से कम से कम एक सदस्य शामिल किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त भारत सरकार का नामिती निदेशक तथा अधिनियम की धारा 9(3)(सी) के तहत् नामांकित निदेशक इस समिति का हिस्सा नहीं होंगे | बैंक के गैर-कार्यपालक अध्यक्ष को समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया जा सकता है, लेकिन वे इस समिति की अध्यक्षता नहीं करेंगे | समिति की निर्दिष्ट संख्या अध्यक्ष सहित तीन होगी |

ii) **तरीका और प्रक्रिया**: बैंक चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करने वाले व्यक्तियों से निर्धारित प्रारूप में आवश्यक जानकारी तथा एक घोषणा पत्र और वचन पत्र लेगा | नामांकन और पारिश्रमिक समिति की बैठक नामांकन की स्वीकृति के लिए निर्धारित अंतिम तिथि के बाद होगी तथा नीचे उल्लिखित मानदंडों के आधार पर समिति यह निर्धारित करेगी कि व्यक्ति की उम्मीदवारी स्वीकार की जाएगी या नहीं | हस्ताक्षरित घोषणा पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर समिति उम्मीदवारी के स्वीकरण पर विचार करेगी तथा जहाँ आवश्यक लगे वहाँ यह सुनिश्चित करने के लिए कि उम्मीदवार निर्दिष्ट अपेक्षाओं की पुष्टि करता है, उपयुक्त प्राधिकारी/व्यक्तियों को संदर्भित करेगी|

iii) **मानदंड**: नामांकन और पारिश्रमिक समिति यहाँ नीचे उल्लिखित व्यापक मानदंड के आधार पर प्रस्तावित उम्मीदवारों की 'उपयुक्त तथा उचित' स्थित का निर्धारण करेगी:

- **आयु** – उम्मीदवार की आयु चुनाव हेतु नामांकन जमा करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि को 35 से 67 वर्ष के मध्य होनी चाहिए |

शैक्षणिक योग्यता – उम्मीदवार को कम से कम स्नातक होना चाहिए |

- **अनुभव और विशेषज्ञता का क्षेत्र –** आरबीआई परिपत्र सं. डीबीआर.एपीपीटी.बीसी.सं.39/29.39.001/2016-17 दिनांक 24 नवम्बर, 2016 के साथ पठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 9(3ए)(ए) में दिए गए एक या अधिक मामलों के संबंध में उम्मीदवार को विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए|

- **अयोग्यता** - राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970/1980 के खंड 10 के तहत् यथा निर्धारित 'निदेशकों की अयोग्यता' के अतिरिक्त:

a) उम्मीदवार किसी बैंक या भारतीय रिज़र्व बैंक या वित्तीय संस्थान (एफआई) या किसी बीमा कम्पनी या किसी अन्य बैंक द्वारा धारित नॉन-ऑपरेटिव फाइनेंशियल होल्डिंग कंपनी के निदेशक मंडल का सदस्य नहीं होना चाहिए |

स्पष्टीकरण *: इस उप-परिच्छेद तथा उप-परिच्छेद (सी) के उद्देश्य के लिए, 'बैंक' शब्द में बैंकिंग कंपनी, नया संपर्की बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, सहकारी बैंक तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शामिल होगा|*

b) किराया खरीद, वित्तपोषण, धन उधार देने, निवेश, पट्टे और अन्य पैरा बैंकिंग गतिविधियों से जुड़े व्यक्ति के संबंध में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के बोर्ड में निर्वाचित निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए विचार नहीं किया जाएगा | तथापि, ऐसी संस्थाओं के निवेशकों को निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए अयोग्य घोषित नहीं किया जाएगा, यदि वे किसी प्रबंधकीय नियंत्रण का लाभ नहीं उठाते हैं |

c) बैंक के बोर्ड में किसी ऐसे व्यक्ति का चुनाव/फिर से चुनाव नहीं किया जा सकता है, यदि उसने किसी बैंक/वित्तीय संस्था/आरबीआई/बीमा कंपनी के बोर्ड में पूर्व में किसी भी श्रेणी के तहत् लगातार या अनिरंतर रूप से छः वर्षों के लिए निदेशक के रूप में कार्य किया हो|

d) उम्मीदवार को स्टॉक ब्रोकिंग के व्यवसाय में संलग्न नहीं होना चाहिए |

e) उम्मीदवार को संसद या राज्य विधानमंडल या नगर निगम या नगर पालिका या अन्य स्थानीय निकायों (अन्य स्थानीय निकायों का अर्थ है अधिसूचित क्षेत्र परिषद, नगर परिषद, पंचायत, ग्राम सभा, जिला परिषद, आदि) के सदस्य के पद पर नहीं होना चाहिए|

f) उम्मीदवार ऐसे चार्टर्ड एकाउंटेंट फर्म के भागीदार के रूप में कार्य करने वाला नहीं होना चाहिए जो वर्तमान में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक या भारतीय स्टेट बैंक के सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षक के रूप में संलग्न हैं।

g) उम्मीदवार ऐसे चार्टर्ड एकाउंटेंट फर्म के भागीदार के रूप में कार्य करने वाला नहीं होना चाहिए जो ऐसे बैंक के सांविधिक शाखा लेखा-परीक्षक या समवर्ती लेखा-परीक्षक के रूप में संलग्न नहीं हैं, जिसमें चुनाव हेतु नामांकन दाखिल किया गया है |

- **कार्यकाल:** निर्वाचित निदेशक तीन वर्षों के लिए पद धारण करेगा और पुनर्निर्वाचन हेतु पात्र होगा: बशर्ते कि ऐसा कोई निदेशक लगातार या अनिरंतर रूप से 6 वर्षों से अधिक की अवधि के लिए पद पर नहीं रहेगा |
- **व्यवसाय से संबंधित प्रतिबन्ध –**
  a) उम्मीदवार का संबंधित बैंक के साथ न तो कोई व्यावसायिक संबंध (कानूनी सेवाओं, सलाहकार सेवाओं आदि सहित) होना चाहिए और न ही उसे ऐसी गतिविधियों में संलग्न होना चाहिए जिसके परिणामस्वरूप उस बैंक के साथ व्यापारिक हित में टकराव हो सकते हैं।
  b) उम्मीदवार का किसी बैंक या किसी भी अन्य बैंक द्वारा धारण किए जाने वाले एनओएफएचसी के साथ कोई व्यावसायिक संबंध नहीं होना चाहिए|
  c) बशर्ते चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करते समय बैंक के साथ इस तरह के संबंध रखने वाले उम्मीदवार को मद (ख) के तहत् अपेक्षाएं पूरी करने वाला तभी माना जाएगा, जब उम्मीदवार उम्मीदवार नामांकन और पारिश्रमिक समिति को एक घोषणा प्रस्तुत करेंगे कि निदेशक के रूप में चुने जाने पर बैंक के साथ इस तरह के संबंध को अलग कर दिया जाएगा तथा निर्वाचित होने पर बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त होने से पूर्व ऐसे संबंध से खुद को अलग कर लेंगे |
- **ट्रैक रिकॉर्ड और सत्यनिष्ठा:** उम्मीदवार किसी भी नियामक या पर्यवेक्षी प्राधिकरण/एजेंसी, या कानून प्रवर्तन एजेंसी के प्रतिकूल नोटिस के अधीन नहीं होना चाहिए तथा किसी भी उधार देने वाली संस्था का चूककर्ता नहीं होना चाहिए|

iv) बैंक निर्वाचित निदेशक से निम्नलिखित प्राप्त करेंगे:

a) ऐसे व्यक्ति द्वारा निदेशक का पद ग्रहण करने से पूर्व निर्धारित प्रारूप में संलग्न प्रारूप में निष्पादित प्रसंविदा विलेख |
b) प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को इस आशय की एक सामान्य घोषणा कि इस तरह के व्यक्ति द्वारा पहले से उपलब्ध कराई गई जानकारी में कोई बदलाव नहीं हुआ है |
c) जहां निर्वाचित निदेशक सूचित करता है कि पहले दी गई जानकारी में परिवर्तन है, बैंक ऐसे निदेशक से एक नया घोषणा और शपथपत्र प्राप्त करेगा जिसमें परिवर्तन शामिल होंगे।

v) बैंक बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 20 का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त,

a) निर्वाचित सीए निदेशक/उसकी फर्म के ग्राहकों के उचित प्रकटीकरण सहित सुरक्षा उपायों की एक प्रणाली बनाएंगे तथा बैंक के ऋण/निवेश निर्णयों में भाग नहीं लेंगे, जिसमें उसके/फर्म के ग्राहक शामिल हैं। निर्वाचित सीए निदेशक को पूरी प्रक्रिया से खुद को अलग रखना होगा तथा इससे संबंधित प्रसंविदा पर हस्ताक्षर करना होगा |
b) निर्वाचित निदेशक द्वारा व्यावसायिक संस्थाओं में अपने हितों और डायरेक्टरशिप का पूर्ण और उचित खुलासा करना अपेक्षित है, जिससे उन्हें व्यक्तिगत रूप से दूरी बनाकर रखनी है तथा उन संस्थाओं जिनके वे हितधारक हैं, सहित बैंक के ऋण/निवेश संबंधी निर्णयों में भाग नहीं लेंगे|

c) किसी ऐसे व्यक्ति को कोई व्यावसायिक कार्य आवंटित न करें, जो ऐसे निदेशक का पद छोड़ने के पश्चात् दो वर्षों की अवधि के लिए उस बैंक का निर्वाचित निदेशक था |

vi) जहाँ निर्वाचित निदेशक:

a)

(i) प्रसंविदा विलेख या घोषणा पत्र जमा करने में असफल रहता है; या

(ii) उचित प्रकटीकरण करने में असफल रहता है;या

(iii) ऋण/निवेश निर्णयों में भाग लेने से बचने में असफल रहता है, जिसमें वे रुचि रखते हैं; या

b) अपूर्ण या गलत प्रकटीकरण करते हैं, या

c) ऐसी गतिविधियों में शामिल होते हैं जिसके कारण उन्हें उपर्युक्त उल्लिखित मानदंड के अनुसार 'उपयुक्त और उचित' नहीं पाया जाता है |

ऐसे निदेशक के संबंध में यह माना जाएगा कि उन्होंने बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 9 की उप-धारा (3एए) की अपेक्षाओं को पूरा नहीं किया है तथा इसके परिणामों के लिए वे उत्तरदायी होंगे |

7. भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 25 जनवरी 2021

भारत सरकार ने अधिसूचना दिनांक **25** जनवरी **2021** के माध्यम से एक विशेष प्रावधान (खंड14ए) जोड़ते हुए, राष्ट्रीयकृत बैंक योजना **, 1970/1980** में संशोधन किया है (प्रबंधन और विविध प्रावधान) जिसमें उल्लिखित है कि:

"जहाँ किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से विधि द्वारा कोई कार्रवाई या बात करने की अपेक्षा है और ऐसा करने के लिए बैंक के बोर्ड की किसी समिति की सिफारिशों या अवधारण, या उसके द्वारा प्रतिभूतिधारकों की शिकायतों का समाधान, या किसी नियुक्ति, उसके संबंध में उसके अनुमोदन या पुनर्विलोकन की अपेक्षा है, और यदि बोर्ड का यह समाधान हो जाता है कि ऐसी समिति का, ऐसी समिति में कोई रिक्ति विद्यमान होने अथवा उसके किसी सदस्य के इससे अलग होने के कारण बैठक के लिए गणपूर्ति पूरी नहीं हो सकती है तो बोर्ड उक्त कार्रवाई अथवा बात को कर सकेगा|"

उपर्युक्त के अनुसार निदेशक मंडल को कोई कार्य करने के लिए , या प्रतिभूति धारकों की शिकायतों का समाधान करने के लिए या किसी भी नियुक्ति, अनुमोदन या समीक्षा के संबंध में, जो विधि द्वारा किया जाना अपेक्षित है, बोर्ड की समिति की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए शक्ति प्राप्त है, बशर्ते बोर्ड इस बात से संतुष्ट है कि ऐसी समिति में कोई रिक्ति होने या उसके सदस्य द्वारा इंकार करने के कारण ऐसी समिति की बैठक का कोरम पूरा नहीं हो सकता है ।

8. भारत सरकार के दिनांक 25 मार्च, 2015 तथा 08 जुलाई, 2016 के दिशा-निर्देश

भारत सरकार के दिनांक **3** सितंबर, **2013** के पत्र के माध्यम से जैसीकि दी गई सलाह के अनुसार बोर्ड की 'नामांकन और पारिश्रमिक समिति' शेयरधारक निदेशक की 'उपयुक्त तथा उचित स्थिति' का निर्धारण करते समय गैर-सरकारी निदेशक की नियुक्ति करने के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखेंगी | भारत सरकार ने दिनांक 25 मार्च, 2015 को जारी किए गए संशोधित दिशा-निर्देश, तथा दिनांक 08 जुलाई, 2016 को किए गए संशोधन, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को दिनांक 28 अप्रैल, 2015 तथा 20 जुलाई, 2016 के पत्रों के माध्यम से अग्रेषित किया है, जिसका सार निम्नानुसार है:

क) सामान्य

i. नामांकन संबंधित अधिनियमों/नियमों के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए किए जाएंगे|

ii. नामंकितियों की उपयुक्तता का आंकलन औपचारिक योग्यता और विशेषज्ञता, ट्रैक रिकॉर्ड, सत्यनिष्ठा आदि के अनुसार की जा सकती है | सत्यनिष्ठा और उपयुक्तता का आंकलन करने हेतु, आपराधिक रिकॉर्ड, वित्तीय स्थिति की जानकारी, व्यक्तिगत ऋण लेने के लिए की गई नागरिक कार्यवाही, पेशेवर निकायों से प्रवेश या निकासी से इनकार, नियामकों और समान निकायों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों तथा पूर्व संदेहास्पद कारोबारी गतिविधियों आदि पर भरोसा किया जाएगा |

ख) अनुभव

i. कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बैंकिंग, सहयोग, अर्थशास्त्र, व्यवसाय प्रबंधन, मानव संसाधन, वित्त, कॉर्पोरेट कानून, जोखिम प्रबंधन, उद्योग और आईटी के क्षेत्रों में विशेष शैक्षणिक प्रशिक्षण या व्यावहारिक अनुभव वाले व्यक्तियों पर सामान्य रूप से विचार किया जाएगा। एक वरिष्ठ पद पर 20 साल के उद्योग का अनुभव, संबंधित क्षेत्रों में स्थापित विशेषज्ञ (सफलतापूर्वक एक प्रतिष्ठित संगठन का नेतृत्व किया, एक असफल संगठन में परिवर्तन लाया) को प्राथमिकता दी जाएगी।

ii) 20 वर्ष के कुल अनुभव वाले सेवानिवृत्त वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के स्तर पर 10 वर्षों का न्यूनतम अनुभव । सेवानिवृत्ति के एक वर्ष बाद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सेवानिवृत्त सीएमडी/ईडी। भूतपूर्व सीएमडी/ईडी के संबंध में पीएसबी के बोर्ड में एनओडी के रूप में नियुक्ति के लिए विचार नही जाएगा, जहां से वे सेवानिवृत्त हुए हैं। पीएसबी के सेवारत सीएमडी/ईडी को किसी अन्य पीएसबी के बोर्ड में एनओडी के रूप में विचार नहीं किया जाएगा |

iii) 20 से अधिक वर्षों के अनुभव वाले प्रीमियर प्रबंधन बैंकिंग संस्थानों के अकादमिक निदेशक और प्रोफेसर।

iv) 20 वर्षों के अनुभव (लेखापरीक्षा के अनुभव को छोड़कर) वाले सनदी लेखाकारों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

v) हालांकि, योग्यता के आधार पर असाधारण मामलों में वित्त मंत्री के अनुमोदन से अनुभव मानदंड में रियायत दी जा सकती है।

vi) जहाँ तक संभव हो महिलाओं और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय के व्यक्तियों को भी प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है।

ग) शिक्षा

एक एनओडी को कम से कम व्यवसाय प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, वित्त, मानव संसाधन और आईटी में विशेषज्ञता के साथ किसी भी स्ट्रीम में स्नातक होना चाहिए।

घ) आयु

निदेशक की आयु खोज समिति द्वारा सिफारिश की तिथि को 67 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

ङ) कार्य अनुभव

पेशेवर/शिक्षाविदों को सामन्य रूप से अपने विशेष क्षेत्र में 20 साल का कार्य अनुभव होना चाहिए।

च) अयोग्यताएं

I. किसी बैंक/वित्तीय संस्थान (वित्तीय संस्थानों)/ आरबीआई / बीमा कंपनी में पहले से ही किसी भी श्रेणी के तहत कोई निदेशक पर, किसी भी अन्य बैंक / वित्तीय संस्थान / आरबीआई / बीमा कंपनी में एनओडी के रूप में नामांकन के लिए विचार नहीं किया जा सकता है।

II. किराया खरीद, वित्तपोषण, निवेश, पट्टे और अन्य पैरा-बैंकिंग गतिविधियों, एमपी, एमएलए, एमएलसी और स्टॉक ब्रोकर्स से जुड़े व्यक्तियों को बैंकों / वित्तीय संस्थानों / आरबीआई / बीमा कंपनियों के बोर्ड के गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा। किराया खरीद, वित्तपोषण, निवेश, पट्टे और अन्य पैरा-बैंकिंग गतिविधियों के निवेशकों को एनओडी के रूप में नियुक्ति के लिए अयोग्य घोषित नहीं किया जाएगा, यदि वे ऐसी कंपनियों में कोई प्रबंधकीय नियंत्रण नहीं रखते हैं।

III. किसी व्यक्ति को बैंक / वित्तीय संस्थानों / आरबीआई / बीमा कंपनी के बोर्ड में एनओडी के रूप में पुनः नामांकित नहीं किया जा सकता है, जिस पर उन्होंने किसी भी श्रेणी के तहत पूर्व में दो कार्यकाल या छह वर्ष जो भी अधिक हो, निदेशक के रूप में सेवा की है।

IV. यदि सनदी लेखाकार फर्म वर्तमान में किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) में सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षक के रूप में संलग्न है, तो उस सनदी लेखाकार फर्म का कोई भी भागीदार किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/पीएसबी में एनओडी के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

V. यदि सनदी लेखाकार फर्म वर्तमान में किसी सांविधिक शाखा लेखा परीक्षक या समवर्ती लेखा परीक्षक के रूप में एक राष्ट्रीयकृत बैंक में संलग्न है, तो उस सनदी लेखाकार फर्मों में से कोई भी भागीदार उसी बैंक में एनओडी के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होना चाहिए।

छ) कार्यकाल: बैंक/वित्तीय संस्थान/आरबीआई/बीमा कंपनी के बोर्ड में निदेशक के रूप में नामांकन के लिए एनओडी पर विचार नहीं किया जाएगा यदि ऐसा निदेशक पहले ही किसी अन्य बैंक/वित्तीय संस्थान/आरबीआई/बीमा कंपनी के बोर्ड में लगातार या अनिरंतर रूप से एनओडी/शेयरधारक-निदेशक रह चुके हैं|

ज) व्यावसायिक प्रतिबंध

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के खंड 10(घ) के तहत **व्यावसायिक** प्रतिबंध का मामला बनाम लाभ के पद की अलग से जांच की जा सकती है।

झ) क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बोर्डों पर उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, मध्य और उत्तर-पूर्व को एक साथ लेकर-देश के सभी छह क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए ।

9. शेयरधारकों की सूची

पंजाब नैशनल बैंक के 64 विनियम (शेयर और मीटिंग) विनियम, 2000 में संशोधन के अनुसार प्रदान किए गए, शेयरधारकों की सूची की एक प्रति शेयर विभाग, प्रधान कार्यालय, प्लॉट नंबर 4, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली में कंपनी सचिव के साथ मंगलवार, 23 फरवरी, 2021 से शेयर धारकों द्वारा रु 5/- प्रति 1000 शब्द और उसके भाग और रु 50,000/ में पूर्ण शेयरधारकों की सूची के लिए पंजाब नैशनल बैंक, नई दिल्ली के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा खरीद के लिए उपलब्ध होगी। उक्त सूची को खरीदने के इच्छुक उम्मीदवारों को एक वचन देना होगा कि चुनाव में सूची का उपयोग मतार्थना में किया जाएगा और किसी भी अन्य उद्देश्य के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

10. शेयरधारकों के रजिस्टर का निरीक्षण

शेयरधारकों का रजिस्टर प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली में सभी कार्य दिवसों (दूसरे और चौथे शनिवार, रविवार और बैंक की छुट्टियों के अलावा) अर्थात् सोमवार से शुक्रवार और पहले और तीसरे शनिवार को सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे के बीच निरीक्षण के लिए शेयरधारकों के रजिस्टर से किसी भी हिस्से के सार लेने के लिए उम्मीदवारों को सक्षम करने के उद्देश्य से खुला रहेगा। अगर किसी भी शेयरधारक को चयनित/भाग जानकारी की एक प्रति या कंप्यूटर प्रिंट की आवश्यकता होगी तो, रु. 5 प्रति 1,000/शब्द - या प्रतिलिपि बनाने के लिए भिन्नात्मक भाग की आवश्यकता की दर से भुगतान के लिए उसे उसकी आपूर्ति की जाएगी।

